प्रश्न सं. [ क्र. 1194 ]

परिशिष्ट

विधान सभा सत्र दिसम्बर 2022
विधान सभा अतारांकित प्रश्न कमांक –1194
प्रश्नकर्ता सदस्य का नाम – श्री पांचीलाल मेड़ा
बैठक दिनांक –23.12.22
प्रश्नांश "क" की जानकारी

# कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला–भोपाल

(डी–ब्लॉक पुराना सचिवालय भोपाल)

कमांक / विधि / 2020 / 311 भोपाल दिनांक 28-1-2020

## आदेश

**(म0प्र0 सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 (संशोधन) अधिनियम 2012 की धारा 53(12) के अंतर्गत)**

गौरव गृह निर्माण सहकारी संस्था,मर्यादित भोपाल पंजीयन कमांक– डी.आर.बी. /224 दिनांक 14.07.1981 की प्रबंध समिति का निर्वाचन आमसभा दि. 21.01.2019, एवं अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन 01.11.2019 को संपन्न हुआ था। जिसमें निम्नानुसार संचालक मण्डल गठित हुआ था।

| क. | पदाधिकारियों का नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती अनिता विष्ट भटट 843 सी सेक्टर शाहपुरा भोपाल | अध्यक्ष |
| 2. | श्री राजकुमार चौरसिया 46 श्री कृष्णा हाउसिंग सोसायटी चूनाभटटी भोपाल | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री नरेन्द्र सोनी बी–213 कंचन बाग | उपाध्यक्ष |
| 4. | श्री वहीद खान 1100 क्वाटर्स भोपाल | संचालक |
| 5. | श्री विनय मदान 55 शुभालय बिहार बावड़ियाकलां भोपाल | संचालक |
| 6. | रिचा मालवीय 33 पारिका सोसायटी चूनाभटटी भोपाल | संचालक |
| 7. | संगीता दूबे 261 वार्ड 14 रहवास नगर | संचालक |
| 8. | जयेश मदान 24 शुभालय बिहार भोपाल | संचालक |
| 9. | रिक्त | संचालक |
| 10. | रिक्त | संचालक |
| 11. | रिक्त | संचालक |

निर्वाचित 08 संचालको में से अध्यक्ष श्रीमती अनिता विष्ट को म.प्र.सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 56(3) के अन्तर्गत सी.एम.हेल्पलाईन से प्राप्त शिकायत कमांक 9826420 के संबंध में सही जानकारी प्रस्तुत न करने के कारण इस कार्यालय के आदेश कमांक/विधि/2020/110 दिनांक 14.01.2020 से गौरव गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल के अध्यक्ष एवं संचालक मंडल के सदस्य पद से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निर्हित किया गया है। श्री सुधाकर पाण्डेय उपअंकेक्षक द्वारा पत्र दिनांक 27.01.2020 के माध्यम से अवगत कराया गया,कि संस्था के संचालक श्री जयेश मदान एवं श्री विनय मदान द्वारा अपने संचालक पद से त्याग पत्र शपथ पत्र के माध्यम से दिनांक 16.01.2020 को प्रस्तुत किया गया है। श्री जयेश एवं श्री विनय मदान द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से यह भी उल्लेख किया गया है, कि मुझे कल ही दिनांक 16.01.2020 को ज्ञात हुआ कि कथित तौर पर समिति निर्वाचन नवम्बर 2019 में हुऐ थे जिसकी जानकारी मुझे नहीं और न ही मेरे द्वारा इस संबंध में नियोजन पत्र जारी किया गया है।

श्री जयेश मदान एवं श्री विनय मदान संचालको द्वारा प्रस्तुत त्याग पत्रो के मूल शपथ पत्र श्री सुधाकर पाण्डेय उपअंकेक्षक द्वारा अपने पत्र के साथ संलग्न कर त्यागपत्र दिये जाने तथा शपथ पत्र दिये जाने की पुष्टि की गई है ।

दिनांक 28.01.2020 को मेरे समक्ष श्री जयेश मदान एवं श्री विनय मदान उपस्थित हुए उनके द्वारा संस्था के संचालक मण्डल से दिनांक 16.01.2020 को शपथ पत्र के माध्यम से त्याग पत्र प्रस्तुत किया जाना स्वीकार किया गया है। इस संबंध में उपस्थित होकर दोनो नै अपने कथन दिये ।

संस्था के अध्यक्ष को अध्यक्ष पद तथा संचालक पद से तीन वर्ष की कालावधि में निर्हित करने तथा 02 संचालको के द्वारा त्यागपत्र के दिए जाने के कारण संस्था के संचालक मण्डल में पॉच संचालक ही शेष रह गये है।

04. श्रीमती संगीता दुबे
05. श्रीमती ऋचा मालवीय

उपरोक्त 05 संचालक शेष होने से 02 संचालको द्वारा दिये गये त्याग पत्र स्वीकार करने के उपरांत संचालक मण्डल और संस्था के संचालक मण्डल में गणपूर्ति के अभाव हो गया है।

म.प्र.सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 (संशोधन) अधिनियम 2012 की धारा 53(12) में वर्णित प्रावधान निमनानुसार है।

**"इस अधिनियम या उसके अधीन बनाये गये नियमों या किसी सोसायटी की उपविधियो में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी यदि किसी सोसायटी का संचालक मंडल किसी न्यायालय के आदेश के कारण या विहित गणपूर्ति के अभाव में कार्यकरने से प्रविरत हो जाये,. तो रजिस्ट्रार उस समय तक के लिए संचालक मण्डल को अस्थाई रूप से नियुक्त कर सकेगा, जब तक कि न्यायालय का आदेश बातिल न कर दिया जाये या नवीन निर्वाचन न हो जाये तथा संचालक मंडल कार्यभार ग्रहरण न कर ले।"**

अतः मै विनोद कुमार सिंह उप पंजीयक सहकारी संस्थायें जिला भोपाल म0प्र0 शासन सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति कमांक/एफ–5–1–99/पंद्रह–1–सी दिनांक 26.07.99 द्वारा प्रदत्त पंजीयक सहकारी संस्थायें म0प्र0 की शक्तियों का प्रयोग करते हुये म0प्र0 सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 (संशोधन) अधिनियम 2012 की धारा 53(12) के अंतर्गत गौरव गृह निर्माण सहकारी संस्था,मर्यादित भोपाल पंजीयन कमांक– डी.आर.बी./224 दिनांक 14.07.1981 की प्रबंध समिति के स्थान पर संस्था के कार्य संचालन हेतु नवीन कमेटी के गठन अथवा आगामी आदेश तक श्री सुधाकर पाण्डेय उपअंकेक्षक सहकारिता जिला भोपाल को प्रशासक नियुक्त करता हूँ।

यह आदेश आज दिनांक 28.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया जाता है।

(विनोद कुमार सिंह)
उप पंजीयक
सहकारी संस्थायें जिला भोपाल

कमांक/विधि/2020/311
भोपाल दिनांक 28.1.2020

प्रतिलिपिः–
1.कलेक्टर जिला भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. संयुक्त आयुक्त सहकारिता भोपाल संभाग भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित्।
3.श्री सुधाकर पाण्डेय उपअंकेक्षक सहकारिता जिला भोपाल एवं प्रशासक गौरव गृह निर्माण सहकारी संस्था,मर्यादित भोपाल की ओर भेजकर लेख है कि प्रबंध समिति से संस्था का प्रभार, अभिलेख आदि प्राप्त कर कार्यालय को अवगत करायें।
4.श्री राजकुमार चौरसिया/श्री नरेन्द्र सोनी/श्री वहीद खान/श्रीमती संगीता दुबे/श्रीमती ऋचा मालवीयं संबंधित वर्हिगामी उपाध्यक्ष/संचालक गौरव गृह निर्माण सहकारी संस्था,मर्यादित भोपाल की ओर सूचनार्थ।
5.प्रबंध संचालक, भोपाल को–ऑपरेटिव्ह सेन्ट्रल बैंक भोपाल की ओर सूचनार्थ।
4. कार्यालय निर्वाचन कक्ष की ओर सूचनार्थ ।

उप पंजीयक
सहकारी संस्थायें जिला भोपाल

अनुभाग अधिकारी
मध्य प्रदेश शासन,

संयुक्त पंजीयक
सहकारिता मध्यप्रदेश